विश्वरंग-2026 आज से, 21 देशों के साहित्यकार होंगे शामिल

तीन दिवसीय आयोजन में प्रवासी साहित्य, हिंदी और संस्कृति पर चर्चा

- अंतिम दिन 40 मांगणियार कलाकार देंगे प्रस्तुति



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में 27 से 29 नवंबर तक विश्वरंग का आठवां संस्करण आयोजित होगा। इस वर्ष आयोजन की थीम 'प्रवासी उत्सव' रखी गई है। इसमें 21 देशों के प्रवासी साहित्यकार, शिक्षाविद, भाषाविद और संस्कृतिकर्मी शामिल होंगे।

तीन दिवसीय आयोजन में हिंदी की वैश्विक पहचान, प्रवासी भारतीयों की नई पीढ़ी, भाषा-संस्कृति, साहित्य, अनुवाद और डिजिटल दौर में हिंदी की भूमिका पर चर्चा होगी। कार्यक्रम रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय परिसर और रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में आयोजित किए जाएंगे। विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे ने बताया कि यह आयोजन भाषा और संस्कृति से जुड़े विषयों पर अंतरराष्ट्रीय संवाद का मंच बन चुका है। इस बार प्रवासी भारतीयों को केंद्र में रखकर कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। 27 नवंबर को उद्घाटन समारोह में सात साहित्यकारों और भाषाविदों को विश्वरंग भाषा सम्मान दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में ध्रुपद गुरुकुल के करीब 20 कलाकार वैदिक ऋचाओं और हिंदी कविताओं का सामूहिक गायन करेंगे। 28 नवंबर को हिंदी शिक्षण, अनुवाद, देवनागरी लिपि, भारतीय ज्ञान परंपरा और विदेशों में हिंदी की भूमिका पर चर्चा होगी। शाम को अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रवासी साहित्यकारों की पुस्तकें भी जारी होंगी। अंतिम दिन 29 नवंबर को रवीन्द्र भवन में राजस्थान के 40 मांगणियार कलाकार 'द मांगणियार सेडक्शन' की प्रस्तुति देंगे।

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज ने मनाया संविधान दिवस

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू ने की। मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हिमांशु कौशल तथा विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सहायता अधिकारी एम. जिलानी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने और सभी को न्याय सुलभ कराने के संवैधानिक दायित्व पर जोर दिया। एम. जिलानी ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कर नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

डॉ. साहू ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सौम्या दुबे ने किया। इस अवसर पर विधि विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। एलएनसीटी ग्रुप के सेक्रेटरी डॉ. अनुपम चौकसे और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता ने आयोजन की सफलता पर बधाई दी।

आजादी के आंदोलन में सिंधी पत्रकारिता की भूमिका अहम : प्रो. टेकचंदानी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सिंधी पत्रकारिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1857 की सैनिक क्रांति का प्रभाव सिंध क्षेत्र के सिपाहियों और पत्रकारिता पर भी पड़ा। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वराज स्थापना का स्वर सिंधी पत्रकारिता में भी मुखर हुआ।

यह बात माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में के.आर. मलकानी सिंधी पत्रकारिता एवं संचार केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता प्रो. रवि टेकचंदानी ने कही। उन्होंने बताया कि 19वीं सदी के अंत तक सिंध क्षेत्र से 30 पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हो रही थीं। सिंधी पत्रकारिता का इतिहास 1843 से शुरू होता है। फवाद अल अखबार, कराची एडवरटाइजर और सिंध सुधा इसके शुरुआती प्रकाशनों में शामिल रहे। सिंध सुधा सिंधी भाषा की पहली पत्रकारिता पत्रिका थी। प्रो. टेकचंदानी ने कहा कि श्री के.आर. मलकानी का जन्म 1921 में सिंध में हुआ था। उन्होंने अपनी लेखनी और विचारों से राष्ट्रवादी पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंग्रेज सरकार ने सिंध क्षेत्र के कई पत्रकारों और संपादकों को कठोर सजाएं दीं। बंगाल विभाजन के विरोध में भी सिंधी पत्रकारिता ने आवाज उठाई। उन्होंने हिंदू, सदा-ए-हिंद, देशमाता, नवयुग, हिंद आफताब और हिंदवासी जैसे प्रकाशनों के योगदान का उल्लेख किया। हिंदू के आठ संपादक अंग्रेज सरकार के विरोध में जेल गए थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पत्रकारिता से जुड़े शोध विषयों की जानकारी भी दी गई। मुरलीधर बलवानी और राजेंद्र मनवानी ने विचार रखे। कुलसचिव प्रो. पी. शशिकला ने विषय की भूमिका प्रस्तुत की।

केंद्रीय संस्कृत विवि में हर्षोल्लास से मनाया संविधान दिवस



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को सुबह 11 बजे भवभूति प्रेक्षागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा ने उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया तथा संविधान के मूल आदर्शों, मूल्यों और लोकतांत्रिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर परिसर के सह निदेशक प्रो. गोविंद पांडे सहित डॉ. नरेश पांडे, डॉ. प्रदीप कुमार पांडे, प्रो. विजयपाल कछवाह, डॉ. संगीता गुंदेचा, प्रो. अशोक कुमार कछवाह, डॉ. कृष्णकांत तिवारी, डॉ. महिमा तिवारी, डॉ. कृष्णानंद नाना, प्रो. चंद्र मोहन दास, डॉ. रेनू, सुमित सक्सेना और रक्षेन्द्र सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी तथा लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने किया। संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के माध्यम से उपस्थित लोगों ने लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन संविधान के प्रति सम्मान, नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के संकल्प के साथ हुआ।

डीआरएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय संविधान के प्रति सम्मान, निष्ठा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 26 नवंबर को संविधान दिवस पर पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, हबीबगंज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया तथा संविधान में निहित मूल आदर्शों और मूल्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में मंडल के बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका का वाचन किया और भारत को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। साथ ही नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुता सुनिश्चित करने के संवैधानिक आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)
कार्यालय महाप्रबन्धक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, रायसेन (म.प्र.)
E-mail : gmpiuraisen@rediffmail.com,
Ph. : 07482-292018, Fax No. : 07482-223351
क्रमांक/3334/स्था./पी.आई.यू./2026 रायसेन, दिनांक : 26.11.2026

विज्ञप्ति

निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु निजी वाहन धारकों से 04 वाहन स्कॉपियो/बोलेरो किराये पर लगाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, टेक्सी कोटे में पंजीकृत वाहन धारक अपनी दरें (वाहन चालक सहित) मासिक आधार पर **दिनांक 07.12.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक** अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित राशि 5000/- की अमानत राशि की एफ.डी.आर. के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। वाहन का पंजीयन वर्ष 2024 के पूर्व का नहीं होना चाहिये, वाहन की कंडीशन अच्छी होनी चाहिये, अन्य शर्तें इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। फर्म के लिये वाहन की शर्तें निम्नानुसार रहेंगी।

म.प्र. माध्यम/129288/2026 **महाप्रबंधक**

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KAILASH KUMAR DAWANI S/O MOHAN LAL DAWANI निवासी-128, न्यू सिंधी कॉलोनी, बैरसिया रोड भोपाल जीपीओ (मध्य प्रदेश) 462001 मैं यह घोषणा करता हूं कि मेरा पूर्व में नाम KAILASH DAWANI S/O MOHAN LAL था। जो मेरे पूर्व पासपोर्ट पर लिखा है। जिसे मैंने बदलकर नया नाम KAILASH KUMAR DAWANI S/O MOHAN LAL DAWANI रख लिया है। जो मेरे अन्य दस्तावेजों में लिखा है। अब मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

5017

पश्चिम मध्य रेल

यांत्रिक शाखा,
निविदा सूचना क्रं JBP-M-Tender-33A-2026
दिनांक 20/11/2026, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के लिए ई. निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट एंड ईएनएचएम), मंडल रेल प्रबंधक यांत्रिक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना क्रमांक दिनांकः** JBP-M-Tender-33A-2026, Dated : 20/11/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** जबलपुर मंडल के ET-JBP, NKJ - SGRL और KTE-BINA सेक्शन में 'हॉट एक्सल बॉक्स हॉट व्हील डिटेक्टर (HAHW) की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग जिसमें 24 महीने की वारंटी अवधि पूरी होने के बाद 06 वर्षों के लिए CAMC भी शामिल है।, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपयेः** 19331055.00, **बयाना राशी रुपयेः** 386600.00, **समापन की अवधि :** 06 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समयः** 14.12.2026, 15:00 Hrs, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट https:ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **हस्ता**

कृते मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपति एल.आई.जी.-1/6, बस स्टॉप क्रमांक 03, 1250 अस्पताल के पास, तुलसी नगर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल 453 वर्गफुट, जिसकी चतुसींमाएँ निम्नानुसार हैं- पूर्वः एल.आई.जी.-1/5, पश्चिमः ओपन, उत्तरः ओपन, दक्षिणः ओपन के संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है

यह कि श्री स्मिथ चौरसिया पिता श्री चंद्र भूषण चौरसिया द्वारा उक्त संपति क्रय किए जाने हेतु सुश्री वर्तिका दुबे पिता श्री वीरेंद्र कुमार दुबे के साथ विक्रय अनुबंध निष्पादित किया गया है। उक्त संपति सुश्री वर्तिका दुबे द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.02.2019 के माध्यम से अर्जित की गई थी। साथ ही, उक्त संपति की लीज का नवीनीकरण भी पंजीकृत नवीनीकरण लीज विलेख दिनांक 09.10.2026 के माध्यम से कराया जा चुका है। यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त संपति से संबंधित (1) मूल लीज विलेख (अ-1), ग्रंथ क्रमांक 10437, दस्तावेज क्रमांक 998, दिनांक 11.06.1995 एवं (2) मूल विक्रय पत्र, ई-पंजीयन क्रमांक MP059702019A1080917, दिनांक 04.02.2019, सुश्री वर्तिका दुबे से कहीं गुम हो गए हैं, उक्त मूल दस्तावेजों की गुमशुदगी के संबंध में सुश्री वर्तिका दुबे द्वारा थाना हबीबगंज, भोपाल में दिनांक 16.11.2026 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री स्मिथ चौरसिया द्वारा भारतीय स्टेट बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा किसी शासकीय/अशासकीय विभाग को उक्त संपत्ति अथवा उससे संबंधित दस्तावेजों के संबंध में कोई आपत्ति अथवा दावा हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन से आगामी पंद्रह (15) दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी तथा उक्त संपति पर प्रथम भार भारतीय स्टेट बैंक का ही माना जाएगा।

वैभव राजन सक्सेना अधिवक्ता
Office: No. 82, Rachna Nagar, Near Rachna Tower Bhopal Mob. 9424424777

5016

सूडोकु नवताल- 7972

सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7971 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7645



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7644 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9053



बाएँ से दाएँ

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

ऊपर से नीचे

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दौदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको-3
21. गिरवी वस्तु-3

शब्द पहेली -9052 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7484



ऊपर से नीचेः-

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

बायें से दायें:-

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

फिल्म वर्ग पहेली- 7483

ह	ल	च	ल		जी	व	न	मृ	त्यु
व		मे		भू	त			त्यु	
स	हे	ली		मि		खा	न	दा	न
	र		शि	का	र		सी	ता	
धू	म		वा		क्ष		ब		बे
प		खे		ता	क	त			ता
	गो	ल	मा	ल		ला	ट	सा	ब
पा	पी		शू		जो	श		या	
की		शं	क	र			घा		स्व
जा	नू			ज	मा	न	त		र्ग

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7578

	5	4	3			
	34		30		28	2
7		1	6		5	4
	25		33	6	41	
1	3	2		5	7	
	28	5	33		38	3
4			6		2	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7577 का हल

7	2	1	6	3	5	4
2	34	7	30	4	28	2
6	5	4	3	2	7	1
3	30	6	32	6	39	5
1	3	2	4	5	7	6
5	28	5	33	7	38	3
4	5	3	6	1	2	7

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8598

अ	व	र	सु	ए	ड्	स	प	ला	नी	इ	
न	है	क	ज	इं	डे	ने	ह	चे	म	श्त	
अ	जा	आ	ट	य	फा	इ	ड	च	प	नि	
हु	रा	ल	मा	ज	ल	स	रा	क	इ	मो	
ब	रा	पो	लि	यो	वी	क	र	क	त्ते	नि	
द	जे	कि	र	क	पा	का	म	ले	रि	या	
शी	मा	दे	अ	व	था	य	त	म	क	ती	
को	दे	श	स्थ	न	प	य	रि	घु	व	ला	
ढ़	दि	ल	मा	ले	दा	र	जा	या	वी	दे	
क्षि	ज	ति	ला	हि	द	ह	मा	द	ल	र	
त	र	सु	ष	मा	स्व	रा	ज	त	र	म	

शब्दजाल में '10 बीमारियों के नाम' ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

हैजा, टायफाइड, पोलियो, चेचक, एड्स, मलेरिया, अस्थमा, पायरिया, कोढ़, निमोनिया

शब्दजाल - 8597 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore